www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

editor wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-207 सागवाड़ा, सोमवार, 4 अप्रेल, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा का विकेबी गर्ल्स कॉलेज के बाहर प्रदर्शन

## गृह किराया और छात्रवृत्ति के फॉर्म चालू करने की मांग

**डूंगरपुर।** जिले में भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा की ओर से कॉलेज विद्यार्थियों की मांगो को लेकर शहर के वीर बाला काली बाई कन्या महाविद्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने सरकार से गृह किराया व छात्रवृत्ति के फॉर्म चालु करने की मांग की। इस सम्बन्ध में कॉलेज प्राचार्य को सीएम के नाम ज्ञापन भी सौपा।

डूंगरपुर जिले के भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के पदाधिकारी विजयपाल होता के नेतृत्व में मोर्चा के कार्यकर्ता व कॉलेज विद्यार्थी आज जिला मुख्यालय पर स्थित वीर बाला काली बाई कन्या महाविद्यालय के बाहर एकत्रित हुए। इस दौरान भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के बेनर तले विद्यार्थीयों ने गृह किराया व छात्रवृत्ति के फॉर्म चालु करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियो ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के पदाधिकारी विजयपाल होता ने बताया की पूरा सत्र खत्म होने को आया है लेकिन सरकार की ओर से अभी तक ग्रह किराया और छात्रवर्ती के फॉर्म चालू नही किए हैं। विजयपाल ने बताया की आदिवासी जिले के विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर हैं और छात्रवर्ती पर आश्रित रहता है। लेकिन सरकार की ओर से अभी तक गृह किराया व छात्रवृत्ति के फॉर्म चालु नहीं हुए है वही विद्यार्थियो को उधार लाकर व जैसे-तैसे अपने किराए के कमरों का किराया चुकाया है। उन्होंने बताया की अभी तक भी फॉर्म चालु नहीं करने से विद्यार्थी परेशान है। इधर कॉलेज के बार प्रदर्शन के बाद भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा ने कॉलेज प्राचार्य को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में जल्द गृह किराया और छात्रवृत्ति फॉर्म चालू करने की मांग की है। वही उन्होंने बताया समय रहते मांग पूरी नहीं की गई तो भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा छात्र संगठन उग्र आन्दोलन करेगा। इस अवसर पर मोना, मिनाक्षी, सीतल, मनीषा,मिनाक्षी अरुणा सहित कई विद्यार्थी मौजूद रहे।

# मृतक डॉक्टर के परिजनों से मिले फोग्सी के पदाधिकारी, न्याय का दिलाया विश्वास

**उदयपुर।** अनुचित दबाव और मानसिक प्रताड़ना चलते स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना शर्मा द्वारा आत्महत्या करने के बाद देशभर में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग हो रही है। फोग्सी संगठन के देशभर के सदस्य चिकित्सकों ने जयपुर में बैठक करके डॉक्टर्स के साथ इस तरह के अमानवीय व्यवहार और प्रताड़ना की निंदा की है। उदयपुर ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश जैन ने बताया कि राष्ट्रीय संगठन फोग्सी के बैनर तले जयपुर में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर चर्चा की गयी तथा फोग्सी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शांथा कुमारी, सचिव डॉ. माधुरी पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. अर्चना, फोग्सी की पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. लीला व्यास, जयपुर ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसायटी अध्यक्ष डॉ. प्रीति शर्मा, सचिव डॉ. तरू छाया, डॉ. बजरंग सोनी, डॉ अंजू सोनी, डॉ. सी.के. गर्ग सहित देशभर के कई नामी चिकित्सक एवं फोग्सी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में लालसोट जाकर मृतक डॉ. अर्चना के घर जाकर श्रद्धांजली दी । अध्यक्ष शांथा कुमारी ने परिजनों से मिलकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए लड़ाई जारी रखने तथा मेडिकल स्टाफ पर आये दिन होने वाले दुर्व्यवहार के खिलाफ कठोर नियम बनाने को लेकर प्रयास करने के लिए सरकार से बात करने का आश्वासन दिया । उदयपुर ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसायटी सचिव डॉ. प्रदीप बंदवाल ने बताया कि डॉ. अर्चना के परिजनों की मांग है कि मरीजों की दिन-रात सेवा करने वाली डॉक्टर को कुछ लोगों के अनैतिक व्यवहार और दबाव के कारण खो दिया है, ऐसे असामाजिक तत्वों को कठोर सजा मिलनी चाहिए ।

# चाचा की हत्या करने वाला भतीजा गिरफ्तार

## 200 रुपए के बटवारे को लेकर कर दी थी हत्या

**डूंगरपुर।** जिले की सदर थाना पुलिस ने पालवडा फला बिलिया में 200 रुपए के बटवारे को लेकर चाचा की हत्या करने के आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। घटना 30 मार्च को हुई थी। डूंगरपुर जिले के सदर थाने थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया की 30 मार्च को पालवड़ा फला बिलिया में हत्या की वारदात हुई थी। अश्विन फनात ने रिपोर्ट देकर बताया था की उसके पिता शंकरलाल फनात ने होली पर देवल सतियाल फला निवासी सोहनलाल फनात से 6 हजार रुपए में बकरा खरीदा था। 30 मार्च को उसके पिता शंकरलाल फनात, आरोपी भतीजा शांतिलाल समेत चार लोग उधारी के 6 हजार रुपए देने के लिए देवल सतियाल फला गए थे। इसके बदले बकरा मालिका ने उसके पिता शंकरलाल को 200 रुपए बक्शीश रूप में वापस दिए थे। बक्शीश में मिले रुपए के बंटवारे को लेकर चाचा शांतिलाल पुत्र खातू फनात ने उसके पिता शंकरलाल के साथ झगड़ा किया था । चार लोगो में 200 रुपए के बंटवारे पर प्रत्येक के हिस्से में 50-50 रुपए ही मिलते। इस पैसे के बंटवारे के लिए कोलरा का तालाब पालवड़ा में शांतिलाल ने उसके पिता शंकरलाल को पत्थरों से मारा था । जिसमे वह गंभीर घायल हो गया था। परिजनों ने गंभीर घायल शंकर को डूंगरपुर जिला अस्पताल करवाया था जहा इलाज के दौरान शंकरलाल की मौत हो गई थी । घटना के बाद से पुलिस आरोपी शांतिलाल फनात मीणा निवासी पालदेवल फला बिलिया की तलाश कर रही थी। छानबीन के दौरान पुलिस ने आरोपी शांतिलाल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शांतिलाल ने पूछताछ में रुपए बंटवारे को लेकर मारपीट करने की घटना कबूल कर ली है।

# युवा सेवा समिति की कार्यकारिणी गठित, कमलाशंकर पाटीदार अध्यक्ष मनोनित

**सीमलवाड़ा।** पाटीदार समाज क्षैत्र चोरासी के युवा सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव पाटीदार समाज भवन तहसील के पास सीमलवाड़ा मे डॉक्टर हितेश महामंत्री के मुख्य आतिथ्य, प्रवीण पाटीदार धम्बोला की अध्यक्षता एवं हरिप्रसाद पाटीदार व चंद्र कांत पाटीदार पाडलीया के विशिष्ट आतिथ्य मे गठन किया गया । सभी गांवों के युवाओं की आम सहमति से कमलाशंकर झलाप को अध्यक्ष, मनोज पाटीदार करावाडा को महामंत्री, दिलीप पाटीदार सालमपूरा को उपाध्यक्ष, दिनेश पाटीदार पोहरी को संरक्षक, धनपाल खाडिया को संगठन मंत्री , दिलीप पाटीदार सीथल को कोषाध्यक्ष, रोशन किशनपुरा सहसंगठन मंत्री, गौरव पाटीदार विकासनगर सचिव, नरेश पाटीदार धम्बोला प्रवक्ता, नरेश पाटीदार पाडलीया मिडिया प्रवक्ता तथा अरूण सालमपूरा, कल्पेश झलाप, प्रवीण झलाप, तुषार करावाडा, राजेन्द्र किशनपुरा को मनोनीत सदस्य बनाया गया । चूनाव प्रक्रिया मे भरतलाल टी व भरतलाल अध्यापक सालमपूरा व गोपाल विकासनगर ने सहयोग प्रदान किया । बैठक का संचालन जगदीश करावाडा ने किया। अंत मे नवीन कार्यकारिणी को विभिन्न गांवों के युवाओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया ।

# पिंडावल में गौ कृपा कथा स्थल का हुआ भूमि पूजन

## 11 से 17 अप्रेल तक गायत्री नगर पिंडावल में होगी गौ कथा




**साबला।** डूंगरपुर जिले पिंडावल गाँव में आयोजित होने वाली गौ कृपा कथा स्थल का भूमि पूजन किया गया।

आगामी 11 से 17 अप्रेल तक गायत्री नगर पिंडावल में श्रद्धागोपाल सरस्वती दीदी के श्रीमुख से आयोजित गौ कृपा कथा का भूमि पूजन बेणेश्वर पीठाधीश्वर परम गौ भक्त संत अच्युतानन्द के सानिध्य में मुख्य यजमान विजेंद्र कलाल अखेपानजी गड़ा के द्वारा विधि विधान से किया गया।

इस दौरान सागवाड़ा जिला संघचालक नानुराम पटेल,परम गौ भक्त भुवन्द पंड्या, पूर्व विधायक अनिता कटारा, नरेंद्र भगत,श्याम भट्ट सागवाड़ा नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा,गिरधर पांडे,प्रकाश जैन लोहारिया सहित सर्व समाज की मातृ व युवा शक्ति के साथ प्रबुद्धजन की उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री ने दिखाई मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट को हरी झंडी





**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को सचिवालय परिसर से राजस्थान पुलिस की मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस आधुनिकीकरण योजना वर्ष 2021-22 में एमआईयू के लिए 9 करोड़ 97 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी गई है। करीब 71 एमआईयू वैन पुलिस को सौंपी जाएगी। इनमें से अभी तक 48 एमआईयू पुलिस को प्राप्त हो चुकी हैं। ये एमआईयू वैन जिला मुख्यालय से दूर स्थित थानों में उपयोग में लाई जाएंगी। इनकी सहायता से दूरस्थ स्थानों पर होने वाली घटनाओं में त्वरित कार्यवाही की जा सकेगी और अनुसंधान में लगने वाला समय भी बचेगा। मुख्यमंत्री को पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर ने बताया कि एमआईयू उपलब्ध होने से जांच अधिकारी त्वरित गति से मौके पर पहुंचेंगे और गैजेट्स की मदद से मौके पर ही अनुसंधान किया जा सकेगा। इससे गवाहों को बुलाना नहीं पड़ेगा और जांच का औसत समय कम होने के साथ ही इन्वेस्टिगेशन क्वालिटी में भी सुधार होगा। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष महादेव सिंह खण्डेला, मुख्य सचिव ऊषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह अभय कुमार, डीजी इंटेलीजेंस उमेश मिश्रा, एडीजी पुलिस प्लानिंग एवं आधुनिकीकरण गोविंद गुप्ता, एडीजी क्राइम आरपी मेहरड़ा एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर और एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**सागवाड़ा।** पंचवटी रोड पर श्रीराम नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में 12 से 14, अप्रैल तक होने वाले विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ , सप्त गौ परिक्रमा मंदिर लोकार्पण, गायत्री मंदिर और प्रज्ञेश्वर महादेव के पाटोत्सव के आयोजन की तैयारी को लेकर जिला कलेक्टर और एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर शुभम चौधरी, एसपी सुधीर जोशी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, डीएसपी नरपत सिंह, एसडीएम राजीव द्विवेदी, तहसीलदार मयूर शर्मा, पीडब्ल्यूडी एईएन शिल्पा पाटीदार द्वारा कॉलेज ग्राउंड में बनने वाले हेलीपैड, गायत्री शक्तिपीठ में 108 कुंडीय यज्ञशाला समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गायत्री शक्ति में तीन दिवसीय आयोजन को लेकर तैयारियां बड़े जोरों पर चल रही है। जिसके तहत अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की प्रमुख शैलबाला पंडया, देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉक्टर चिन्मय पंडया, का सानिध्य रहेगा।

आयोजन को लेकर राजस्थान के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राज्य सभा सांसद महाराज कुंवर हर्षवर्धन सिंह, लोकसभा सांसद कनकमल कटारा, कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, गौपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया, केबिनेट मंत्री अर्जुन बामनिया, दिनेश खोड़निया, विधायक गणेश घोघरा विधायक और सागवाड़ा पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया मौजूद रहेंगे।

# जेपी नड्डा के दौरे पर गहलोत का कटाक्ष,कहा भाजपा इलेक्शन मोड़ में आ गई

# ये आग लगाने आते है और पूरे देश में आग लगाते है,आए और आग लग गई: गहलोत



**जयपुर।** सवाई माधोपुर दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने करौली और ब्यावर में हुए दंगो से जोड़ते हुए एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये आग लगाने के लिए आते है और पूरे देश में आग लगाते है, आए और आग लग गई। ये बात सोमवार को गहलोत ने एक कार्यक्रम में बाद मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा अब इलेक्शन मोड में आ रही है, जिसके कारण ये सब हो रहा है। दरअसल गहलोत ने सोमवार को पुलिस आधुनिकी करण योजना (MPF) के तहत मोबाईल इन्वेस्टीगेशन यूनिट (MIU) का शासन सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। गहलोत से जब पूछा कि जेपी नड्डा राजस्थान आए और आकर चले गए तो इसके जवाब में गहलोत बोले, ये आग लगाने के लिए आते हैं, पूरे देश में आग लगा रहे हैं। आए, आग लग गई। गहलोत बोले देश में बहुत खतरनाक दौर चल रहा है। देश के अंदर हिंदु-मुस्लिम कर दिया। आपको बता दें कि करौली शनिवार को, जबकि अजमेर के ब्यावर में रविवार को उपद्रव हुआ था। करौली में हुए उपद्रव में कई दुकानें, गाड़ियां जला दी गई।

इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में भय का माहौल बन गया। वहीं इस घटना के अगले ही दिन ब्यावर में भी एक घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति की भीड़ ने पीट-पीट कर हत्या कर दी।

## भाजपा अभी से इलेक्शन मोड में आ गई

लोकप्रियता के लिए क्या भाजपा ये रंग दे रही है। गहलोत से पूछे गए इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मैं कह सकता हूं भाजपा अभी से ही इलेक्शन मोड में आ गई है । जेपी नड्डा जी का आना, अमित शाह अब आने वाले हैं। दंगों का होना और जगह-जगह तनाव पैदा करना, ये तमाम बातें इलेक्शन मोड की शुरुआत हैं।

# कृषि आदान अनुदान के प्रकरणों के निस्तारण में नहीं हो विलम्बः उषा शर्मा

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने एक वर्ष के भीतर 1 लाख नागरिकों को सुरक्षा स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए है। शर्मा यहां सचिवालय में सोमवार को आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की राज्य कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों व जिला कलक्टर को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए राज्य में एक वर्ष में 10 हजार स्वयंसेवकों को दिए जाने प्रशिक्षण की संख्या को 1 लाख किए जाने की महती आवश्यकता है। यह प्रशिक्षण प्रोफेशनल्स के माध्यम से सभी जिलों में दिया जाए, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को घनी आबादी वाले इलाकों जैसे जयपुर जिले की चार दीवारी में मॉकड्रिल करने के निर्देश भी प्रदान किए। शर्मा ने विभिन्न जिलों के कलक्टर्स को वर्ष 2015, 2016 व 2017 के कृषि आदान अनुदान के लम्बित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि प्रकरण कृषकों को सहायता देने से संबंधित है, इसलिए इनके निस्तारण में कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने सभी कलक्टर्स को व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक प्रकरण का शीघ्र परीक्षण और संबंधित अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने दौलतपुरा (जयपुर) में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान के लिए निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के भी निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को विजन डाक्यूमेंट बनाने व अन्य राज्यों की बेस्ट प्रेक्टिसेस को अपनाने के निर्देश भी दिए है।